### एक नजर में

#### आवेदिका को मिली पांच हजार की सहायता

**राजगढ़ 12 जनवरी, का.** कलेक्टार डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवदिका शीलाबाई को रेडक्रॉस से पांच हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. आवेदिका शीलाबाई ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण आवेदिका अपने बच्चे का ईलाज कराने में आसमर्थ हैं. कलेक्टर द्वारा सिविल सर्जन डॉ. रजनीश को निर्देशत किया कि वह स्वरयं आवेदिका के बच्चे. को एम्सा भोपाल में ईलाज हेतु लेकर जाए.

#### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह घोषित

**राजगढ़ 12 जनवरी, का.** जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य द्वारा बताया गया कि जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह घोषित किया गया है। जिसके पालन में जिला परिवहन कार्यालय राजगढ द्वारा विभिन्नष कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे. जिसमें 15 जनवरी को कृषि उपज मण्डी खुजनेर में कृषि कार्यों में संलग्न ट्रैक्टर–ट्रालियों तथा माइनिंग क्षेत्रों में संलग्न डम्परों के पीछे रिफलेक्टर टेप लगाने का आयोजन किया जाएगा. इसी प्रकार 16 जनवरी को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ में छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित ज्ञान–वर्धन हेतु कार्यशाला, 20 जनवरी को बस स्टेण्ड ब्यावरा में चालक/परिचालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर, 22 जनवरी को सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरापुर में छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधितज्ञान–वर्धन हेतु कार्यशाला, 27 जनवरी को वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय पचोर में छात्र–छात्राओं के लर्निंग लायसेंस केम्प तथा 30 जनवरी, सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु रैली का आयोजन होगा.

#### पिपल्या मंडल के मदापूरा ग्राम में भव्य हिन्दू सम्मेलन संपन्न

**खिलचीपुर 12 जनवरी, सं.** पीपल्या मंडल के मदापूरा ग्राम में हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ शोभा यात्रा से हुआ. कार्यक्रम में संत महंत विशालपुरी महाराज (श्री सिद्धेश्वर महादेव आश्रम, कोलुखेड़ी), मुख्य वक्ता के रूप में जितेंद्र सिंह चौहान, विहिप प्रांत सह मंत्री ने समाज को संगठित रहने, राष्ट्रभक्ति और संस्कारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया. समाज वक्ता कैलाश सोनी ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया. सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति और युवाओं ने सहभागिता की. कार्यक्रम ने समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम को नई ऊर्जा प्रदान की.

#### हम्माल तुलावटी संघ की आवश्यक बैठक

**खिलचीपुर 12 जनवरी, सं.** कृषि उपज मंडी समिति के हम्माल तुलावटी संघ की आवश्यक बैठक श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पर जिला महामंत्री रमेश चंद्र शर्मा एवं प्रदेश मंत्री धीरज नागर की अध्यक्षता में हुई. सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें नितिन मेवाड़े को अध्यक्ष एवं उपाध्याय गिरीश गुप्ता, सचिव विनोद शर्मा, महामंत्री परमानन्द शर्मा, संगठन मंत्री सजन परमार, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र साहू, कानूनी सलाहकार वकील संदीप शर्मा को नियुक्त किया. पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया.

# युवा कौशल विकसित करें, रोजगार दस्तक देंगे–टेटवाल

## 92 कंपनियों ने 10 हजार को शॉर्टलिस्ट किया, जिले के इतिहास में पहला बड़ा युवा संगम रोजगार मेला सारंगपुर में आयोजित

**बड़ी संख्या में युवक, युवतियों ने लिया मेले में भाग, मौके पर ऑफर लेटर प्रदान किए गए**

गोविन्द बड़ोने/लोकेश पुष्पद

**ब्यावरा/सारंगपुर 12 जनवरी,का. जिन युवाओं ने पढ़ाई की डिग्री के साथ अपने कौशल से रोजगार देने आई कंपनी को प्रभावित किया उन्हें आज सफलता हाथ लगी. अनेक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए. रोजगार देने आई करीब 125 से अधिक कंपनियों में से अधिकांश ने आईटीआई सहित अन्य कौशल को महत्व दिया.**

जिले के सारंगपुर नगर में पहली बार बड़े स्तर पर युवा रोजगार संगम का आयोजन कर प्रदेश के रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने इतिहास रच दिया. मुख्यमंत्री ने भी इस प्रयास के लिये रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल की प्रशंसा की.

मेले में 92 कम्पनियों द्वारा करीब पांच हजार से अधिक बच्चों का चयन कर उनसे कंपनियों के द्वारा आने वाले दिनों में संपर्क स्थापित किया जायेगा. कुल करीब 30 हजार युवाओं ने पंजीयन कराए थे. इनमें से करीब 10 हजार से अधिक को आने वाले दिनों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होने की बात विभागीय अधिकारियों द्वारा कही गई.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि युवाओं को जब कौशल विकास का अवसर मिलता है तो विकास के नए आयाम खुलते हैं. कौशल और हुनर को आजीविका से जोड़ना अनिवार्य है. आईटीआई व पॉलिटेक्निक जैसे कार्यक्रम स्किल डेवलपमेंट की मजबूत नींव हैं. हमारा युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बने. आपने कहा कि युवा कौशल विकसित करें, रोजगार आपके दरवाजे पर दस्तक देंगे.

रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री ने कहा कि उन युवाओं को हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है जो अब तक कोई कौशल विकसित नहीं कर पाएं है. सरकार न केवल आपका कौशल निखारेगी बल्कि उन्हें रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी. उन्होंने युवाओं से कहा कि आपके कौशल से ही आपका नौकरी का सपना पूरा होगा. कौशल और हुनर को आजीविका से जोड़ना अनिवार्य है. हमारा युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बने. इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, नपाध्यक्ष पंकल पालीवाल, पचोर नपाध्यक्ष विकास करोड़िया, पचोर मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, कौशल विकास विभाग के अधिकारी गिरीश शर्मा, एसपी अमित तोलानी, भाजयुमा जिलाध्यक्ष केपी पंवार सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे.

### सीएम डॉ मोहन यादव वर्चुअली शामिल हुए रोजगार मेले में





### युवा रोजगार पाने के साथ देने वाले बने–मुख्यमंत्री




नौकरी नियुक्ति नहीं, बल्कि एक सपना होती है. युवाओं को रोजगार पाने के साथ–साथ भविष्य में रोजगार देने वाला बनना चाहिए. सरकार युवाओं के कौशल को निखार कर उन्हें इस प्रकार के अवसर प्रदान कर रही है. रोजगार मेला स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में एक सशक्त प्रयास है. यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने युवा संगम रोजगार मेले को वर्चुअल संबोधित करते हुए कही. इस मौके पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग एवं जिला प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप भी शामिल हुए. उन्होंने कहा कि यह आयोजन विवेकानंद जयंती को सार्थक बनाता है.

### टेटवाल के प्रयासों को सराहा जनप्रतिनिधियों ने

सारंगपुर में प्रभावी रोजगार मेले के आयोजन पर मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने मंत्री गौतम टेटवाल के प्रयासों की सराहना की. विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि आज 5 जिलों के युवा रोजगार प्राप्त करने इस मेले में आए हैं. श्री टेटवाल के अथक प्रयासों से सारंगपुर की धरती पर इतना बड़ा आयोजन हुआ है. उन्होंने इस प्रकार के आयोजन उनके क्षेत्र खिलचीपुर में भी करने का आग्रह मंत्री से किया. इसी प्रकार विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने यह प्रेरणादायक युवा संगम आयोजित किया है. बड़ी–बड़ी कंपनियों की भागीदारी से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं.

**मंत्री टेटवाल ने जताया सभी का आभार–** रोजगार और कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने उक्त आयोजन के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय अधिकारियों, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों, सभी विभागों के कर्मचारियों, युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के प्रयासों से ही यह आयोजन सफल रहा है.

### पति–पत्नि ने जोड़े से तलाशी अपने लिये नौकरी



खुजनेर के समीप चाटक्या गांव के रहने वाले पीरूलाल वर्मा और उनकी धर्मपत्नि श्री मती सुनिता वर्मा ने संयुक्त रूप से मेले में आकर अपने लिये नौकरी तलाशी. सुनिता वर्मा अर्थशास्त्र में एमए है जबकि उनके पति स्नातक होने के साथ ही आईटीआई कर चुके है. दोनो को भरोसा है कि हमें अपने अनुकूल नौकरी मिल जायेगी. हालांकि उनका कहना था कि नौकरी का तो दो–तीन कंपनी ने आश्वासन दिया है लेकिन इसके लिये जिले से बाहर जाना पड़ेगा. हम परिवार की समस्याओं के कारण बाहर जाने की स्थिति में नहीं है.

### लड़कियों में रोजगार को लेकर उत्साह

युवा रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवतियों ने भाग लिया. ब्यावरा के कटारियाखेड़ी, नरसिंहगढ़ तहसील, कुरावर सहित बीनागंज से भी युवक, युवतियों ने भाग लिया. काउंटरों पर सभी ने अपने पंजीयन अनुसार रिज्यूम जमा किए. रोजगार के लिये बालिका ज्योति, शोभा सेन और सरिता चौहान ने बताया कि हमने यहां आकर यह अनुभव किया कि पढ़ाई के साथ हमें अपना हुनर और कौशल विकास की ओर ध्यान देना होगा.

### नवाचार से प्रभावित हुए कंपनियों के एचआर

कौशल विकास विभाग के इस नवाचार की वहां पहुंचे कंपनियों के एचआर और प्रबंधकों ने प्रशंसा की. अग्रणी रिक्रूटिंग एजेंसी पाथ के प्रबंधक सुरेश पाल ने बताया कि यहां बहुत अच्छा प्रयास है. युवाओं के समक्ष समस्या यह है कि वे बाहर जाने में संकोच कर रहे है. यहां टैलेंट की कमी नहीं है लेकिन बाहर जाकर जॉब करने से बच रहे है. कई युवा पढ़ाई में तो बेहतर है लेकिन उनके समक्ष समस्या है कि उनके पास कोई कौशल, हुनर नहीं है. हमें दोनो की जरूरत है.

### कई अभ्यर्थियों का चयन कर दिये ऑफर लेटर

मेले के दौरान योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया और उन्हें विभिन्न कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किए गए. दिव्यांयगजन बच्चों में दीपक प्रजापति, भावेश,तुषार सिनोतिया, राजीत चौहान, हरिश मालवीय, अभिषेक मालवीय के साथ ही विभिन्न वर्गों के बच्चों को भी रोजगार के ऑफर लेटर दिये गये.

### 'नवभारत' द्वारा प्रकाशित दो पृष्ठीय सामग्री को सराहा



सारंगपुर. 'नवभारत' द्वारा रोजगार मेले के संदर्भ में नवभारत द्वारा प्रकाशित दो पृष्ठीय सामग्री को सभी ने विशेष रूप से सराहा. नवभारत के इस अंक का रोजगार और कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल को अवलोकन कराते हुए नवभारत संवाददाता लोकेश पुष्पद.

# रोजगार मेले में पहुंचने से पहले युवक की दुर्घटना में मौत

## पिकअप की चपेट में आई बाईक, साथी गंभीर

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 12 जनवरी, सं.** शहर में लगे रोजगार मेले मे रोजगार की तलाश के लिए आ रहा युवक की ग्राम खासपुरा के पास पाड़ल्या माताजी रोड़ पर स्थित महाराणा होटल के सामने सोमवार 11.20 मिनिट पर पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे शासकीय सिविल अस्पताल में उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया. पुलिस ने पिकअप वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्व वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जीरापुर तहसील के ग्राम पोलखेड़ा से जीतू मेवाड़ा पिता लक्ष्मी नारायण मेवाड़ा उम्र 26 वर्ष एवं उसका साथी घनश्याम पिता कैलाश नारायण उम्र 24 वर्ष दोनों ही मोटरसाइकिल से सवार होकर सारंगपुर के रोजगार मेले में रोजगार की तलाश के लिए आ रहे थे इसी दौरान पाड़ल्या माताजी



रोड पर ग्राम खासपुरा के पास सारंगपुर की ओर से तेज गति से आ रही पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मारते हुए पिकअप वाहन पलट गई. टक्कर इतनी जबरदस्ती की जीतू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे महाराणा होटल संचालक महेंद्र सिंह दरबार अपने साथियों के साथ शासकीय सिविल अस्पताल उपचार के लिए ले जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद युवक को इंदौर रेफर कर दिया.

# आध्यात्मिक चेतना से जीवन सार्थक बना सकते हैं

## श्री विश्व प्रेम मंदिर पर हुए अध्यात्मिक आयोजन, रक्तदान शिविर

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 12 जनवरी, का. स्थानीय श्री विश्व प्रेम मंदिर ट्रस्ट पर स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में अध्यात्मिक आयोजन एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. वक्ताओं ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना द्वारा ही हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते है.**




संस्था द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के उद्देश्यों को लेकर उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य वक्ताओं ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना द्वारा ही हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते है. हमें संयम एवं अनुशासन का पालन करना चाहिए. कार्यक्रम में काफी संख्या में प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए. इस बार 11 वां रक्तदान शिविर रहा. 34 लोगों ने रक्तदान किया. इनमें दो महिलाएं तथा 32 पुरुष शामिल हैं, वर्ष 2016 से श्री विश्व प्रेम मंदिर पर निरंतर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है. श्री विश्व प्रेम मंदिर ट्रस्ट नगर की एक आध्यात्मिक संस्था है जहां प्रतिदिन प्रात: एवं सायं वैदिक प्रार्थना विश्व शांति एवं कल्याण की भावना से की जाती है. यहां अध्यात्मिक आयोजनों के साथ ही समय–समय पर स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाते है.

#### विवेकानंद करियर मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित

**राजगढ़ 12 जनवरी, का.** विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की विशेष कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार में अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज द्वारा किया गया. आयोजित कार्यशाला युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी सिद्ध हुई. इंदौर के विख्यात करियर काउंसलर डॉ. राकेश जैन ने अपने ऊर्जावान और व्यावहारिक शैली के लिए प्रसिद्ध, युवाओं को वास्तविक जीवन के उदाहरणों द्वारा की गहराई से समझाया. अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती भारद्वाज ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अवसर उन्हीं को मिलते हैं जो तैयार रहते हैं.

## रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा यथावत रखे




**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 12 जनवरी, का.** जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रतसिंह के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी द्वारा ग्राम भाटपुरा एवं निवानीया में पटवारी एवं पंचायत सचिव को मनरेगा के संबंध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में मांग कि गई कि ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण किसान मजदूर के लिए एक अति महत्वपूर्ण रोजगार आधारित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा संबंधित कानून यूपीए सरकार ने बनाया था जो एक अधिकार आधारित कानून होकर प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है. लेकिन भाजपा शासित सरकार द्वारा किया गया संशोधन इस पूरे ढांचे से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की मूल भावना को हटा देता है. सरकार द्वारा मनरेगा में किए गए संशोधनों पर पुन: विचार करने तथा ग्रामीण मजदूरों के हित में मनरेगा योजना पूर्व अनुसार ही लागू करने की मांग की. इस अवसर पर पवन सोंधिया, लखन यादव, नवीन शर्मा, पंडित रामकरण शर्मा, दिलीप, सुमेर सिंह मीणा, बने सिंह, कमल सिंह धनगर, कृष्णपाल शर्मा, गब्बू ठाकुर, दिनेश तोमर, राधेश्याम धनगर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



# किसान कल्याण कार्यक्रम से लौटे 45 किसान बीमार पड़े

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़/कुरावर 12 जनवरी, सं. भोपाल के हजूर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे कुरावर-नरसिंहगढ़ क्षेत्र के कई किसानों की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है, क्षेत्र के 40- 45 किसानों को उल्टी–दस्त की शिकायत होने लगी.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र से लगभग 800 किसान शामिल होने भोपाल गए थे. सीहोर जिले के हिंगोनी जोड़ क्षेत्र में किसानों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी.

बताया जाता है कि यह भोजन कुरावर के एक स्व सहायता समूह के माध्यम से तैयार करवाया गया था. जिसे किसानों ने ग्रहण किया. शुरु में तो सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन जब किसान अपने–अपने गांव लौटे तो ग्राम बिजोरी, गीलाखेड़ी, बड़नगर, बिलहरी, सेमलखेड़ी, मुंडला बारोल, झाड़ला सहित अन्य गांवों के किसानों को उल्टी–दस्त, पेट दर्द और कमजोरी की शिकायत होने लगी.जानकारी मिलते ही प्रशासन सतर्क हुआ और बीमार किसानों को कुरावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया. एसडीएम नरसिंहगढ़ सुशील कुमार, नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश श्रीवार सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे. प्राथमिक सहकारी संस्था के कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां लगभग 39 लोगों की जांच की गई.

**बीमार होने वालो में प्रबंधक, वाहन चालक भी** – बीमार होने वालों में किसान ही नहीं, बल्कि वाहन चालक, सहकारी संस्था के प्रबंधक और कृषि विभाग के कुछ कर्मचारी भी शामिल होना बताया जाता है. इसको लेकर भोजन विषाक्तता की आशंका गहराती नजर आ रही है. कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश श्रीवार का कहना है कि भोजन सरस्वती स्व सहायता समूह से बनवाया गया था.

**सुविधा** युवा दिवस पर मिली सौगात, कलेक्टर के प्रयासों से एमवाय के स्पेशलिस्ट को तैनात किया

# अच्छी खबर : जिला अस्पताल को मिला सर्जरी का 'धुरंधर'

गौरव चौरसिया

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 12 जनवरी, का. युवा दिवस पर जहां जिले भर में आयोजन हुए वहीं राजगढ़ जिला मुख्यालय के लिए भी अच्छी खबर सामने आई. एक युवा और सर्जरी के धुरंधर चिकित्सक की यहां तैनाती की गई है. जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्र के विशेष प्रयासों और सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल के प्रयास से जिला अस्पताल को सर्जरी का माहिर चिकित्सक मिल गया है जो हर तरह की सर्जरी को कुशलता के साथ कर सकते है.**

जानकारी के अनुसार डॉ. अंकुर देशवानी मास्टर ऑफ सर्जरी जो विशेषकर सभी तरह के आपरेशन करने के विशेषज्ञ है. सारंगपुर सिविल हॉस्पिटल में मूलत: पदस्थ है. कलेक्टर डॉ गिरिश कुमार मिश्रा के प्रयासों से डॉ. अंकुर सप्ताह में 3 दिन अब राजगढ़ जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे. डॉ अंकुर देशवाली कुछ वर्षों पहले जिला अस्पताल में पदस्थ रह चुके हैं. उस दौरान भी आपने ऑपरेशन थियटर में कई सफल सर्जरी की है. राजगढ़ से स्थान्तरित होने के बाद डॉ अंकुर ने बच्चों की सर्जरी (एमसीएच) की डिग्री एम वाय हिस्पिटल से हासिल कर ली है. जिसका लाभ अब जिले के मरीजों को शासकीय स्तर पर मिल सकेगा.

### लोगों की सेवा और काम के प्रति जुनून के रूप में पहचान है डॉ अंकुर की



डॉ अंकुर देशवाली को अपने काम के प्रति जुनूनी युवा डॉक्टर के रूप में जाना जाता है. इंदौर के एमवाय अस्पताल में इनके काम के प्रति समर्पण और जनसेवा के जुनून के कारण उन्हें वहां रोका गया था. बहुत कम चिकित्सकों के साथ ऐसा होता है. इतना ही नहीं वे बच्चों की सर्जरी विशेषज्ञता एमसीएच भी एमवाय से प्राप्त कर चुके है. डॉ अंकुर देशवानी ऐसी कोई सर्जरी नहीं है जो नहीं करना जानते हो. जिला अस्पताल में इनके पदस्थापना का लाभ पूरे जिले को मिलेगा. अभी तक वे केवल सारंगपुर तक सीमित थे मगर अब जिले भर के मरीजों को इनकी सेवाओं का लाभ मिलेगा.

### बच्चों के क्रिटिकल मामलों में महारत

डॉ अंकुर देशवानी ने एमवाय हॉस्पिटल इंदौर से एमसीएच यानी बच्चों के जन्मजात जटिल रोगों के उपचार और सर्जरी में महारत हांसिल की है. डॉ अंकुर देशवानी इंदौर में एमवाय में एक जाना पहचाना नाम बन गए थे.लेकिन ग्रामीण अंचलों में जरूरतमंद लोगों को सेवाएं देने के लिए इन्होंने छोटी जगह को अपनी कर्मस्थली के लिए चुना है. छोटे मोटे सर्जरी के लिए लोगों को इंदौर और भोपाल जैसी जगहों पर जाता हुआ देख और उनके बेवजह खर्च होते देख उन्होंने निर्णय लिया कि वे लोगों को सरकारी अस्पताल में निशुल्क ये सुविधा दिलाएंगे.